# लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (राजस्व)
## (जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
## पीठासीन अधिकारी **के. के. शर्मा**, आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या/07/2021 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः–12.02.2021
GCMS No.:-2021/54

श्री विवेक वैष्णव पिता श्री गिरधारी लाल वैष्णव निवासी कुम्भानगर, चित्तौड़गढ़

**बनाम**

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

**निर्णय**

**दिनांक 02.03.2021**

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 18.12.2020 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध नहीं कराने से अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 07/2021/(02.03)/166 दिनांक 12.02.2021 से लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ को दिनांक 02.03.2021 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 02.03.2021 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

अपीलार्थी ने उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र दिनांक 02.03.2021 के माध्यम से अपना पक्ष रखा। उक्त प्रार्थना पत्र में बिन्दु संख्या 1 से लगाकर 31 बिन्दुओं तक अंकित है जिसमें से बिन्दु संख्या 1 से लगाकर बिन्दु संख्या 23 तक तथा बिन्दु संख्या 30 व 31 मे वर्णित तथ्यों का इस अपील से कोई संबंध नहीं है। अपीलार्थी ने प्रार्थना पत्र के बिन्दु संख्या 24

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

से 29 में वर्णित किया है कि उसके द्वारा उप पंजीयक कार्यालय, चित्तौड़गढ़ की माह सितम्बर तथा अक्टूबर, 2020 की उपस्थिति पंजिका की सत्यापित प्रतियां चाही गई थी जो उपरोक्त सूचना से संबंधित कोई पत्र व्यवहार उप पंजीयक कार्यालय, चित्तौड़गढ़ द्वारा नहीं किया गया है तथा न ही वांछित सूचना आदिनांक तक उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई है। उप पंजीयक कार्यालय, चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक/पंजीयन/2021/51–52 दिनांक 05.02.2021 से सूचना के संबंध में प्रार्थी को अवगत कराना बताया है किन्तु उक्त पत्र भी अपीलार्थी को आदिनांक तक प्राप्त नहीं हुआ है। अतः वांछित सूचना दिलाने का आदेश प्रदान करावें।

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ ने अपने पत्र क्रमांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2021/36 दिनांक 24.02.2021 से कमेंट्स प्रेषित किये जो इस प्रकार हैः–

1. यह कि प्रार्थी श्री विवेक वैष्णव निवासी बी–12, कुम्भानगर, चित्तौड़गढ़ द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत आवेदन पत्र दिनांक 18.12.2020 को प्रस्तुत किया, जो इस कार्यालय को दिनांक 30.12.2020 को प्राप्त होना सही है।
2. यह कि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र से वांछित सूचना उप पंजीयक कार्यालय, चित्तौड़गढ़ से संबंधित होने से आवेदन पत्र मूल ही इस कार्यालय के पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2020/2697 दिनांक 08.01.2021 से उप पंजीयक, चित्तौड़गढ़ को अन्तरित कर प्रार्थी को सूचना के संबंध में अवगत कराया गया। (पत्र की प्रति संलग्न है।)
3. यह कि प्रार्थी प्रार्थना पत्र से वांछित सूचना के संबंध में उप पंजीयक, चित्तौड़गढ़ के पत्रांक/पंजीयन/2021/51–52 दिनांक 05.02.2021 से सूचना के संबंध में प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है। (पत्र की प्रति संलग्न है।)
4. यह कि प्रार्थी को प्रार्थना पत्र से वांछित सूचना के संबंध में अवगत करा दिए जाने से अब इस प्रकरण पर किसी कार्यवाही की आवश्यकता नहीं रहती है। अतः अपील

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़ (राज.)

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

| प्रकरण संख्या 07/2021 (सू.अ.) |
|---|
| श्री विवेक वैष्णव निवासी बी–12, कुम्भानगर, चित्तौड़गढ़ बनाम लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ |

पर जवाब स्वीकार कर प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील निरस्त योग्य होने से अपील को निरस्त कराने का श्रम करावें।

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील तथा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2021/36 दिनांक 24.02.2021 से प्रेषित कमेंट्स तथा उसके संलग्न अनुलग्नकों का अवलोकन कर उस पर मनन किया। जिसके अनुसार अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र से चाही गई सूचना उप पंजीयक, चित्तौड़गढ़ से संबंधित होने से लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ ने अपीलार्थी का आवेदन सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6 (3) के तहत उप पंजीयक, चित्तौड़गढ़ को जरिये पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/ 2020/2697 दिनांक 08.01.2021 से स्थानान्तरित करते हुए अपीलार्थी को भी इसकी सूचना दे दी गई।

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) ने अपनी टिप्पणी में उप पंजीयक, चित्तौड़गढ द्वारा अपने पत्रांक/पंजीयन/2021/51–52 दिनांक 05.02.2021 से अपीलार्थी को, उसके द्वारा वांछित सूचना के संबंध में अवगत कराया जाना बताया है किन्तु अपीलार्थी ने स्वयं उपस्थित होकर उसे आदिनांक तक किसी प्रकार की सूचना प्राप्त नहीं होना बताया है अतः उप पंजीयक, चित्तौड़गढ़ को निर्देशित किया जाता है कि वह अपीलार्थी को उनके पत्रांक/पंजीयन/2021/51–52 दिनांक 05.02.2021 की प्रति अविलम्ब पंजीकृत ड़ाक के माध्यम से प्रेषित करें।

चूंकि अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन से उप पंजीयक कार्यालय, चित्तौड़गढ़ के सितम्बर एवं अक्टूबर, 2020 माह की सम्पूर्ण उपस्थिति पंजिका की सूचनाऐं/प्रमाणित प्रतियां चाही गई जो कि उप पंजीयक, चित्तौड़गढ़ से संबंधित है तथा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) द्वारा अपीलार्थी का आवेदन संबंधित लोक सूचना अधिकारी को धारा 6 (3) के तहत स्थानान्तरित करते हुए, उसकी सूचना अपीलार्थी को भी उपलब्ध करा दी गयी थी। जिससे इस प्रकरण में इस कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही शेष नहीं रहती

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौडगढ (राज.)

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)
सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

| प्रकरण संख्या 07 / 2021 (सू.अ.) |
| --- |
| श्री विवेक वैष्णव निवासी बी–12, कुम्भानगर, चित्तौड़गढ़ बनाम लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ |

है। निष्कर्षतः अपील अपीलार्थी सारहीन होने से खारिज की जाती है तथा अपीलार्थी को निर्देशित किया जाता है कि वांछित सूचना चाहने हेतु उप पंजीयक, चित्तौड़गढ़ से सम्पर्क करें तथा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति मे उनके अपीलीय प्राधिकारी, महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग, राजस्थान, अजमेर के यहां अपील प्रस्तुत करें।

(के. के. शर्मा)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

क्रमांक / सरिश्ता / प्र.सं. / 07 / 2021(सू.अ.) / 215 दिनांकः– 02/03 /2021

प्रतिलिपिः–

1. लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़
2. उप पंजीयक, चित्तौड़गढ़
3. श्री विवेक वैष्णव पिता श्री गिरधारी लाल वैष्णव निवासी बी–12, कुम्भानगर, तहसील व जिला चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)